(ग) उस पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ; और

(घ) क्या पाकिस्तान ने यह आरोप अपनी सेनाओं द्वारा भारतीय सीमा का उल्लंघन को छिपाने के लिए लगाया है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) : (क) और (ख) 3 अगस्त, 1992 के एक वक्तव्य में पाकिस्तान ने यह आरोप लगाया था कि भारतीय फौजें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति को भड़का रही हैं ।

(ग) और (घ) सरकार इस आरोप क ो अस्वीकार करती है । 2 अगस्त, 1992 के एक बयान में सरकार ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से सशस्त्र कार्यवाही बढ़ा देने पर चिन्ता व्यक्त की थी ।

Visa Issued to Foreign Tourists

4672. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether it is a fact that there are differences between the Ministry of External Affairs and the Department of Tourism on visas issued to the foreign tourigts;

(b) whether it is a fact that the restrictions imposed by the External
"Affairs Ministry for issue of visa to foreign tourists is bringing down tourist inflow into the country; and

(c) if so, whether any settlement hag been arrived at between these two Ministries on Visa issue?

THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA): (a) No, Sir.

(b) ITo, Sir.

(c) plot not arise.

Relations with Afghanistan

4673- SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the reported Statement of an Afghan diplomat that Afghanistan wants to develop-very close relations with India;

(b) whether this statement precedes the return of all Afghans of Indian origin ousted from Afghanistan; and

(c) what reaction of the Government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Government hope that the prevailing unstable conditions in Afghanistan will improve in the near future, enabling the return of Afghans of Indian origin to Afghanistan in safety.

सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत

4674. श्री राम गोपाल यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्व सोवियत संघ के विघटन के पश्चात बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का विचार रखती है ;

(ख) क्या इस संबंध में गुट निरपेक्ष देशों का समर्थन पाने के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडयार्डो फलेरियो) : (क) से (ग) भारत का निरन्तर यह मत रहा है कि संयुक्त राष्ट्र और उसकी सुरक्षा परिषद को

लोकतांत्रिक बनाया जाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व में जो परिवर्तन हो रहे हैं वे इनमें अपेक्षाकृत और अधिक परिलक्षित हों । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारे प्रयासों में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के सदस्यों के साथ विचार विमर्श और उनका समर्थन जुटाना शामिल है ।

सुरक्षा परिषद में और विशेष रूप से उसकी स्थायी सदस्य संख्या में कोई परिवर्तन करने के लिए यह जरूरी होगा कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में परिवर्तन किए जाएं और साथ ही मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों की सम्मति भी ली जाए ।

इजराइल-फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन समस्या को निपटाने के लिए भारत द्वारा प्रयास

4675. श्री राम गोपाल यादव : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में इजराइल और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के बीच समझौते हेतु भारत द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री) एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) भारत पश्चिम एशिया में शांति संवर्धन के प्रति वचनबद्ध है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के बहुपक्षीय दौर में सहभागी के रूप में भारत का यह प्रयास है कि ऐसे किसी समाधान के लिए कार्य किया जाए जो सभी सम्बद्ध पक्षों को स्वीकार्य हो।

Visit of Mauritian Foreign Minister to India

4676. SHRI SHANTI TYAGI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that during the recent visit of the Mauritian Foreign Minister to New Delhi and the subsequent talks held between him and the Indian leaders it was decided to review the 1971 declaration of the Indian Ocean as a zone of peace;

(b) if so, the details there of and the reasons therefor; and

(c) whether the two delegations held consultations regarding the stand to be taken on NPT of the forthcoming Non-Aligned Summit?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) During the recent visit of Mauritian Foreign Minister Mr. Paul Berenger to Delhi, discussions were held between him and Minister of State Shri Eduardo Faleiro on various matters of mutual interest including the 1971 Declaration on the Indian Ocean as a Zone of peace.

The two sides evaluated progress achieved so far in the matter and decided to remain in touch on it.

(c) On the NPT, the two sides. which hold similar views on various aspects of it, agreed to continue consultations with each other and with other countries during the forthcoming NAM Summit.

पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर क्षेत्र पर अनधिकृत कब्जा

4677. श्री वीरेन जे० शाह :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर राज्य के 78,114 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अनधिकृत रूप से कब्जा किया हुआ है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान ने काराकोरम मार्ग से संबंधित 5180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया है ;